## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 मई सोमवार को दोपहर 2:30 बजे आयोजित है। बैठक में नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसे सदस्य जो सदस्य बनने के बाद अभी तक उनका सम्मान नहीं हो पाया है, ऐसे सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसी सदस्य जिनका जन्म तिथि इस महीने में है, उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। पेंशन कार्यालय में निर्माणाधीन प्रसाधन की जानकारी, 2026 में पेंशनर दिवस के लिए सहयोग करने वाले सदस्यों की जानकारी, एक राष्ट्र एक चुनाव पर चिंतन, पुलवामा में आतंकवादी घटना, मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा पेंशनर फोरम की गठन किया गया है। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण संबंधी जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सचिव बीआर ध्रुव ने दी है।

### सेजेस तुमगांव में प्रवेश के लिए लॉटरी 7 को

**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव में कक्षा 1 के अलावा अन्य कक्षाओं में रिक्त सीट के लिए विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों एवं पालकों के समक्ष प्रवेश के लिए 7 मई को सुबह 9 बजे लाटरी निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार कक्षा एक के लिए लगभग 80 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें से 48 विद्यार्थियों का प्रवेश होना है। इसी तरह अन्य कक्षाओं में रिक्त सीट के लिए भी लाटरी निकाली जाएगी। सभी पालकों से अपेक्षा की है कि वे निर्धारित तिथि एव समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य लंकेश कुरील ने दी है।

### बस की ठोकर से शिक्षिका की हुई मौत

**गीदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में गीदम-जगदलपुर मार्ग पर गीदम थाना क्षेत्र के भैसा झोड़ी नाला सीआरपीएफ हेड क्वार्टर के सामने यात्री बस की ठोकर से बाइक सवार शिक्षिका प्रेमलता तामो, निवासी बड़े कमेली लमडीपारा की मौत हो गई।

## निधन

### उदेराम चक्रधारी

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव कुम्हार पारा निवासी उदेराम चक्रधारी (80)



का देहांत 4 मई रविवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे महानदी घाट में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे दशरथ चक्रधारी, जमुना चक्रधारी के पिता व महेंद्र चक्रधारी, प्रेमनारायण चक्रधारी के दादा थे।

## मौसम की मार : किसानों की रबी फसल को भी भारी नुकसान

# आंधी-तूफान से घरों के टिन शेड उड़े, पेड़ों की टहनियां भी गिरीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शनिवार की शाम को क्षेत्र में मौसम ने करवट बदली और आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। इस दौरान तेज तूफान के कारण पेड़ों की टहनियां व कई घरों के टिन शेड भी उड़ गए। बारिश के साथ ओले गिरने की भी खबर है। वहीं रबी धान फसल को नुकसान जरूर हुआ है। आंधी-तूफान के कारण बिजली बंद रही। नर्रा में 7 से 8 घंटे के बाद करीबन रात 11 बजे विद्युत बहाल हो पाई। बाकी, गांवों में ब्लैक आउट रहा। ज्ञात हो कि बिजली बंद होने से ग्रामीणों को पीने के



पीने के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ता है। चूंकि, ग्रामीण क्षेत्र के गांव में जल जीवन मिशन के तहत नल जल संचालित हो रही है। बिजली गुल हो जाने से टंकियों में पानी नहीं भर पाता। इसके कारण पानी की सफ्लाई बाधित हो जाती है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को बहुत ही जद्दोजहद करना पड़ता है। इसी तरह ग्राम पंचायत नर्रा के वार्ड नं 8, 9 और 20 शांति नगर में नवीन हैंडपंप की अवश्यकता पड़ने लगा है। आए दिन पेयजल के अलावा अन्य उपयोग के लिए पानी की समस्याओं से वार्डवासी जूझ रहे हैं।

# शहर के वार्ड 11 में लगी स्ट्रीट लाइट, अंधेरे से मिली निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे



समय से अधूरे पड़े स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य अब पूरा हुआ। बार चौक से लेकर शासकीय अस्पताल मार्ग तक अब स्ट्रीट लाइट की रौशनी बिखरने लगी है। नगर पंचायत द्वारा इस मार्ग पर नए खंभों में स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं, जिससे इस क्षेत्र में अब रात के समय भी सुरक्षित आवाजाही संभव हो सकेगी।

पार्षद अनामिका विकास शर्मा ने बताया कि यह कार्य काफी समय से लंबित था और स्थानीय लोगों को रात में आवागमन में भारी कठिनाई होती थी। उन्होंने नगर पंचायत के सीएमओ से इस बारे में कई बार कहा गया था, जिसके बाद अंततः स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूरा किया गया। पार्षद ने बताया कि नगर में मूलभूत सुविधाओं को सुलभ कराना उनकी पहली प्राथमिकता है और आगे भी वे अपने वार्ड में अन्य जरूरी विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की है।

# फसल बीमा पाने वाले किसानों से वसूली, विभाग की भूमिका संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ किसानों को भ्रम में डालकर लिया जा रहा है कमीशन

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने आरोप दोहराया किसानों की खून पसीने की मेहनत पश्चात मिली प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि से किसानों को भ्रम में डालकर कमीशन लिया जा रहा। गांवों की सूची अंकित बागबाहरा ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपी।

अंकित ने कहा कि इस लूट में कृषि विभाग की चुप्पी मिलीभगत की ओर इशारा करती है। अंकित ने बताया कि 4 अप्रैल को फसल बीमा की जानकारी जिला मुख्यालय पहुंच चुकी थी। परंतु, शिकायत के पश्चात 14 अप्रैल को ब्लॉक बागबाहरा में उपलब्ध करवाई गई। जबकि कुछ लोगों के पास सूची पहले से उपलब्ध थी। शिकायत के बावजूद ग्राम में ग्राम सभा, समाचार



पत्रों, ग्राम सेवक, कोटवार के माध्यम से आज दिनांक तक किसी ग्राम में कमीशन ना देने की अपील विभाग द्वारा नही की गई। जांच के नाम पर खानापूर्ति के नाम पर कुछ चिन्हांकित किसानों से बयान लिया गया और जांच में उन्हीं आरईओ को लगाया गया जिनपर इसमें शामिल होने का आरोप है।

अंकित ने दावा किया कि कोमाखान तहसील में नरतोरी, मोंगरापाली, रेवा, सालडबरी, सेनभांटा, ख़ैरटकला बागबाहरा ब्लॉक में कोलदा (खल्लारी), धरमपुर, खुटेरी, फुलवारी, कसहीबाहरा, हाँथीगढ़, कोमा, हिच्छा, क्रमरौद, सुखरीडबरी में बड़ी मात्रा में कमीशन की वसूली की जा रही है। इसके अलावा बागबाहरा तहसील में आमानारा, मोहंदी, चरौदा(बांध), धौराभांठा (आमाकोनी), ढोंड़, ठोनगा, गबौद, पोटिया, कसहीबाहरा, परकोम में लोग सक्रिय हैं। अंकित ने कहा है कि इस लूट में शामिल संभावितों के खिलाफ शिकायत आर्थिक अपराध ब्यूरो व एंटी करप्शन ब्यूरो में भी शीघ्र करेंगे। मंगलवार को अंकित ने इस मामले को लेकर जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

# जनभागीदारी समिति की बैठक में कॉलेज की विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

आदर्श शासकीय महाविद्यालय लोहराकोट सांकरा की प्रथम जनभागीदारी समिति की बैठक विधायक डॉ संपत अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महाविद्यालय की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शबनुर सिद्दिकी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ एसएस तिवारी द्वारा विधायक एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों के समक्ष रखा। जिसमें मूल रूप से बाउंड्री वॉल पानी की कमी, साइकिल मोटरसाइकिल स्टैंड, लाइब्रेरी शिक्षकों की कमी, फर्नीचर की कमी, साइन बोर्ड, सफाई कर्मचारी न होना समेत विभिन्न समस्याओं से विधायकों को अवगत कराया गया।



ज्ञात हो कि यह नवीन महाविद्यालय 2022 से प्रारंभ हुआ है। इसमें अभी तक 170 छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षा ग्रहण की जा रही है। महाविद्यालय में हॉस्टल की भी उपलब्धता है। महाविद्यालय की सभी मूलभूत समस्याओं को विधायक ने जल्द पूरा करने की बात कहीं। सहायक अध्यापक एसएस तिवारी द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, सांकरा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, भाजपा नेता सुशील प्रधान, योगेश प्रधान, योगेश टंडन, भारत दीवान, हेमराज भोई, बंशीधर राणा, संतोष सिंह ठाकुर, दिव्य कुमार भोई, दीपांजलि भोई, अशोक साहू, बालमोती पटेल, उर्मिला साव, भरत दीवान, बंसीधर राणा, शासकीय आदर्श विद्यालय की प्राचार्य डॉ शबनुर सिद्दिकी, सह अध्यापक डॉ एसएस तिवारी, सह प्राध्यापक पीरी सिंह ठाकुर, छात्रावास अधीक्षक फलेश्वर दीवान, छात्रावास अधीक्षक अनंत कुमार विशाल, सहायक ग्रेड शीशराम पैकरा, रामअधीन सेंद्रिया, कुंजन साहू, गीतेश पटेल, कपिल चंद्रा, राजेंद्र कुर्रे, सजाद अहमद गनाई, दामिनी साव, प्रतीक मारू, विजय कुमार कुर्रे, संदीप दास, ट्विंकल कुशवाहा, रत्नेश बरिहा, हनी पाटकर आदि मौजूद रहे।

# ओडिशा की तरह रबी धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर करें सरकार: विनोद

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव की घोषणा के बाद ओडिशा में समर्थन मूल्य पर हो रही रबी धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने प्रदेश की साय सरकार से मांग की है कि जिस तरह से ओडिशा की सरकार किसानों से रबी धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर कर रही है, उसी तरह छत्तीसगढ़ के किसानों से भी रबी धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर किया जाए। ओडिशा में 1 मई से रबी धान की खरीदी किसानों से की जा रही है। वहां समर्थन मूल्य पर किसानों को रबी धान का 3100 रुपए मिलेगा। चंद्राकर ने कहा कि स्थानीय पिटियाझर मंडी में 5 मई से रबी धान की खरीदी की तैयारी की जा रही है। इसकी सूचना मंडी सचिव द्वारा अखबारों के माध्यम से दी गई है। जिसमें किसानों की धान व्यापारियों द्वारा बोली लगाकर खरीदी की जाएगी। इस तरह से किसानों को उनके उपज का सही दाम नहीं मिल पाएगा। पिछले वर्ष



मंडी में बोली लगाकर किसानों से धान खरीदी की गई थी, जिसमें न्यूनतम 1931 रुपए तथा अधिकतम 1952 रुपए की दर से किसानों की धान की बिक्री हुई थी। इस प्रक्रिया से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं, अनेक किसानों ऐसे हैं, जिन्हें मजबूरी में कोचियों या बिचौलियों को कम दर पर धान बेचना पड़ता है। चंद्राकर ने कहा कि रबी धान कटाई के बाद किसान खरीफ की तैयारी करते हैं। अनेक किसान ऐसे हैं, जो कर्ज लेकर फसल लगाते हैं। वाजिब दाम नहीं मिलने से किसानों को कर्ज अदा करने तथा लागत राशि भी नहीं निकलने से परेशानी उठाना पड़ता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओड़िशा में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान घोषणा किया था कि ओड़िशा में रबी धान की खरीदी भी समर्थन मूल्य पर किया जाएगा। वहां खरीदी शुरू भी हो गई है। लेकिन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपने प्रदेश के किसानों की कोई चिंता नहीं है। बारिश, ओलावृष्टि से हजारों हेक्टेयर में लगे धान फसल को नुकसान पहुंचा है। किसान पहले ही काफी परेशान हैं, ऐसे में किसानों को राहत प्रदान करने तत्काल रबी धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की घोषणा सरकार करें।

### सीसी रोड व नाली निर्माण का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने रविवार को शहर के वार्ड 25 स्थित श्रीराम कालोनी में नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य के निगरानी में लगे अधिकारियों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि तय समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही न बरतने तथा जनसुविधा को ध्यान में रखकर कार्य करने की बात कही। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि सीसी रोड व नाली बनने के बाद स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी तथा गंदे पानी की निकासी के लिए व्यवस्थित साधन बनेगा।





### स्वच्छता दीदियों ने नपाध्यक्ष को बताई समस्या

**महासमुंद।** मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियों ने नगर में ई-रिक्शा से जुड़ी तकनीकी और संचालन संबंधी समस्याओं से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को अवगत कराया। स्वच्छता दीदियों ने ई-रिक्शा की खराबी व मरम्मत की मांग की। जिस पर नपाध्यक्ष साहू ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल स्वच्छता दीदियों को हो रही परेशानियों का समाधान के लिए निर्देशित किया। जिससे स्वच्छता कार्यों में कोई बाधा न आए और शहर की सफाई व्यवस्था सुचारु बनी रहे। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पालिका स्वच्छता कर्मियों के हितों और शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध है। समस्या आने पर समाधान किया जाएगा।

# किसानों के लिए मुआवजा देने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से मिला आश्वासन



**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू के अथक प्रयासों के चलते जिला महासमुंद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों सिरपुर, पटेवा, झलप, खल्लारी, बसना और सरायपाली के किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से भेंट की गई। इस दौरान किसानों की बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग प्रमुखता से रखी गई। प्रभावित क्षेत्रों के किसान प्राकृतिक आपदाओं और फसल हानि से पीड़ित हैं। डॉ. रमन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और जल्द निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

# सतनामी समाज ने ग्राम कमेटी का गठन कर गांवों में डोर टू डोर शुरू किया संपर्क

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लाक महासमुंद ने ग्राम कमेटी का गठन कर डोर टू डोर सभी ग्रामों में संपर्क प्रारंभ कर दिया है। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती के कुशल नेतृत्व व प्रबंधन में ब्लाक कार्यकारिणी व अठगवा कमेटी ने शाम 5 बजे ग्राम में सामाजिक बैठक बुलाई। और समस्त समाजजनों को ग्राम कमेटी बनाने व प्रदेश व जिला कार्यकारिणी से जुड़कर समाज को विकसित करने रीति-नीति का निर्धारण करने ब्लाक सचिव गणेश टंडन ने प्रस्ताव रखा। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने समाज में प्रशासनिक व्यवस्था बनाने, सुव्यवस्थित समाज बनाने का पक्ष रखा। फनेंद्र बंजारे ने शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान व शिक्षा के महत्व को बताया। तत्पश्चात मनोनयन की प्रक्रिया सर्वसम्मति से करते हुए समाजजनों द्वारा ग्राम कमेटी अध्यक्ष ठाकुर राम बघेल, उपाध्यक्ष हेमिन मारकंडे, खोमन बंजारे, ईश्वर मारकंडे सचिव,



प्रेमनाथ बंजारे कोषाध्यक्ष, विश्वनाथ बघेल मीडिया प्रभारी, चंद्रकांत जांगडे सरंक्षक, सालिक राम बंजारे का मनोनयन किया गया। इस प्रक्रिया में परिक्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मण रात्रे व सचिव दशरथ गायकवाड़ की प्रमुख भूमिका रही। मनोनीत समस्त पदाधिकारियों को ब्लॉक प्रवक्ता पूरण सिंह बघेल ने बायलॉज के नियमों से परिचित कराया। इस अवसर पर संतोष निराला ब्लाक मीडिया प्रभारी, बुद्धेश्वर मार्ककंडे शिक्षक ग्राम व परिक्षेत्र के कमलदास, गजानंद, ताम्रराज, अमर मार्कंडे आदि मौजूद रहे।

# सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर के लिए नपाउपाध्यक्ष ने ली बैठक

**महासमुंद।** सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण में समाधान शिविर वार्डों में लगाए जाने को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे एवं सब इंजीनियर व समाधान शिविर के नोडल अधिकारी दिलीप कश्यप के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सभापति जय देवांगन, वार्ड नंबर 26 के पार्षद पीयूष साहू उपस्थित थे।

राठी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हो, जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन की समीक्षा तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ आमजनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित करना है। जानकारी में सीएमओ सलामे ने बताया कि 764 आवेदन सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त हुआ है। द्वितीय चरण में 11 अप्रैल से 4 मई तक निराकरण एवं आवेदनों को ऑनलाइन किया गया। अब तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान किया जाना है। तृतीय चरण में कुल 3 शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में 10-10 वार्ड बांटे गए हैं। प्रथम शिविर 7 मई बुधवार को नयापारा क्षेत्र स्थित कुंवर दिलीप सिंह जूदेव टाउन हाल में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। जहां वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



इसी तरह द्वितीय शिविर 16 मई शुक्रवार को लोहिया चौक शेड में वार्ड क्र. 1, 12, 13, 14, 16, 19, 20, 21, 22, 23 एवं तृतीय शिविर 21 मई बुधवार को कचहरी चौक स्थित टाउन हाल में वार्ड क्र.15, 17, 18, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30 का आयोजित होगा।

तीनों समाधान शिविर में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि एवं बीज विकास निगम छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डा. विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य इंद्रजीत सिंग गोल्डी, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका एवं समस्त पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण समाधान शिविर में आमंत्रित है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सीएमओ एवं नोडल अधिकारी से कहा कि शिविर स्थल में बैठने की सुचारू व्यवस्था की जाए। दूसरे विभाग के भी प्रभारी रहेंगे। जनता एवं सभी के लिए गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए। पूरा प्रयास ईमानदारी से हो कि शिविर में जनता के प्राप्त आवेदनों पर समाधान हो। सभी आवेदन ऑनलाइन हो चुके है। प्रदेश से भी आवेदनों की समीक्षा हो सकती है। जिस स्थल पर शिविर लगने वाले है, उन वार्डों में 2 दिन पहले मुनादी कराए तथा हो सके आवेदन करने वालों को फोन कर शिविर स्थल बुलाया जाए। विकास एवं निर्माण के कार्यों की अलग सूची बनायी जाए, जिससे शासन से फंड की व्यवस्था कराई जा सके। सभी पार्षदों से भी अनुरोध है कि शिविर कार्यक्रम में पहुंचकर जनता एवं पालिका व संबंधित विभाग में बीच संवाद बनाए। राठी ने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविर दिनांक में उपरोक्त अनुसार स्थल पर पहुंचकर पूर्व में दिए आवेदनों पर समाधान कराने का प्रयास करें। नगर पालिका से आवेदन की पावती दी गई है उसे साथ लाये तो ज्यादा अच्छा रहेगा। सीएमओ से कहा गया कि समाधान शिविर खानापूर्ति न रहे, सभी अधिकारी कर्मचारी शिविर स्थल पर रहे। शासन की पैनी नजर है। प्राप्त हर आवेदनों पर बारिक अध्ययन कर समाधान समस्याओं का कराए।

